रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन आर पी एफ - ०१/२०२४ - CEN RPF - 01/2024

Test Date	09/12/2024
Test Time	12:30 PM - 2:00 PM
Subject	Recruitment of Sub Inspector Executive in Railway Protection Force and Railway Protection Special Force

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Q.1 एक रेलगाड़ी 184 km की दूरी तय करने के लिए 92 kmph की चाल से चलती है और फिर 204 km की दूरी तय करने के लिए 102 kmph की चाल से चलती है। रेलगाड़ी द्वारा तय की गई कुल दूरी का औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 97 kmph B). 92 kmph C). 134 kmph D). 98 kmph

Correct Answer: A

Q.2 दिया गया है कि $137^{0.42} = x$, $137^{0.62} = y$ और $x^z = y^2$ है, तो z का निकटतम मान कितना है?

Ans A). 4.66 B). 2.8 C). 2.95 D). 4.37

Correct Answer: C

Q.3 दिया गया है कि $26^{0.89} = x$, $26^{0.31} = y$ और $x^z = y^2$ है, तो z का निकटतम मान कितना है?

Ans A). 2.47 B). 1.33 C). -0.41 D). 0.7

Correct Answer: D

Q.4 एक कैन में दो तरल पदार्थ P और Q का मिश्रण 8 : 7 के अनुपात में है। यदि मिश्रण का 5 लीटर निकाल लिया जाए और कैन का शेष भाग Q से भर दिया जाए, तो P और Q का अनुपात 2 : 3 हो जाता है। ज्ञात कीजिए कि आरंभ में कैन में कितने लीटर तरल पदार्थ P था?

Ans A). $\frac{35}{3}$ L B). $\frac{25}{3}$ L C). $\frac{28}{3}$ L D). $\frac{32}{3}$ L

Correct Answer: D

Q.5 7 संख्याओं का औसत 45 है। यदि प्रत्येक संख्या में से 4 घटाया जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans A). 41 B). 7 C). 37 D). 45

Correct Answer: A

Q.6 वैशाली और वान्या एक व्यवसाय में 35 : 8 के अनुपात में निवेश करती हैं। यदि कुल लाभ ₹3655 है, तो वैशाली और वान्या को प्राप्त लाभों (रुपये में) में कितना अंतर है?

Ans A). 2295 B). 2195 C). 2395 D). 2345

Correct Answer: A

Q.7 सेल के दौरान, राघव ने ₹35 अंकित मूल्य की एक नोटबुक को 20% छूट पर और ₹100 अंकित मूल्य की एक पेन को 79% की छूट पर खरीदा। सेल के कारण उसने कितनी बचत (₹ में) की?

Ans A). 86 B). 85 C). 83 D). 89

Correct Answer: A

Q.8 वह सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या ज्ञात करें जो 33, 6, 8 और 16 से विभाज्य है।

Ans A). 528 B). 500 C). 550 D). 502

Correct Answer: A

Q.9 एक शंक्वाकार तंबू का आयतन 9240 m^3 है और इसके आधार का क्षेत्रफल 1386 m^2 है। यदि कैनवास की चौड़ाई 3 m है, तो तंबू बनाने के लिए प्रयुक्त कैनवास की लंबाई कितनी है?

($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans A). 432 m B). 687 m C). 568 m D). 638 m

Correct Answer: D

Q.10 यदि $x = 3 + \sqrt{6}$ और $y = 3 - \sqrt{6}$ है, तो $x^2 + y^2$ का मान क्या है?

Ans A). 30 B). 25 C). 36 D). 70

Correct Answer: A

Q.11 एक व्यक्ति एक व्यूपॉइंट तक पैदल जाता है और अपनी कार से एक निश्चित चाल से वापस लौटता है और इस प्रकार उसे कुल 8 घंटे 45 मिनट का समय लगता है। दोनों तरफ कार से यात्रा करने पर उसे 5 घंटे कम लगते। दोनों ओर एकसमान चाल से पैदल यात्रा करने में उसे कुल कितना समय लगता?

Ans A). 14 घंटे 15 मिनट B). 13 घंटे 30 मिनट C). 13 घंटे 45 मिनट D). 12 घंटे 45 मिनट

Correct Answer: C

Q.12 यदि तीन क्रमागत संख्याओं का औसत 42 है, तो इनमें से दूसरी सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 41 B). 44 C). 42 D). 43

Correct Answer: C

Q.13 एक गाँव की जनसंख्या 130000 थी। पहले वर्ष में इसमें 15% की वृद्धि हुई और दूसरे वर्ष में 30% की वृद्धि हुई। दो वर्ष बाद इसकी जनसंख्या _____ है।

Ans A). 149500 B). 169000 C). 194350 D). 188500

Correct Answer: C

Q.14 एक दुकानदार किसी वस्तु को उसके अंकित मूल्य पर 30% और 80% की दो क्रमिक छूट देकर ₹960.4 में बेचता है। यदि उसके द्वारा कोई छूट नहीं दी गई होती, तो वह 40% का लाभ अर्जित करता। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4931 B). 4900 C). 4920 D). 4908

Correct Answer: B

Q.15 एक दूध विक्रेता के पास 40% दूध वाला 40 लीटर विलयन है। इसमें कितने लीटर शुद्ध पानी मिलाया जाना चाहिए ताकि परिणामी मिश्रण 25% दूध वाला विलयन बन जाए?

Ans A). 20 B). 23 C). 24 D). 25

Correct Answer: C

Q.16 किसी संख्या को 798 से विभाजित करने पर शेषफल 45 प्राप्त होता है। यदि उसी संख्या को 21 से विभाजित किया जाए, तो प्राप्त होने वाला शेषफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2 B). 4 C). 5 D). 3

Correct Answer: D

Q.17 दो संख्याओं का LCM और HCF क्रमशः 162 और 27 है। यदि उनमें से एक संख्या 54 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 81 B). 82 C). 78 D). 80

Correct Answer: A

Q.18 एक विक्रेता 25% हानि पर गेहूँ बेचने का दावा करता है। लेकिन वह ऐसे बाटों का उपयोग करके धोखा देता है जिनका वजन उन पर अंकित वजन से 35% कम है। उसका लाभ प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) कितना है?

Ans A). 20.31 B). 15.38 C). 14.41 D). 19.85

Correct Answer: B

Q.19 भानु, नाव से 790 km की दूरी धारा की विपरीत दिशा में 30 घंटे में तय करता है और धारा की दिशा में 12 घंटे में तय करता है, तो धारा की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 15.59 km/h B). 28.05 km/h C). 19.75 km/h D). 23.95 km/h

Correct Answer: C

Q.20 दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए।

दी गई तालिका, विभिन्न कंपनियों द्वारा निर्मित बल्लों से संबंधित डेटा दर्शाती है।

कंपनियां प्लास्टिक और लकड़ी के बल्ले निर्मित करती हैं।

प्लास्टिक के बल्लों के बारे में जानकारी निर्मित बल्लों की कुल संख्या के प्रतिशत के रूप में दी गई है, और लकड़ी के बल्लों की जानकारी ब्रांड X और ब्रांड Y के बल्लों की संख्या के अनुपात के रूप में दी गई है।

प्रत्येक कंपनी कुल 25,000 बल्ले निर्मित करती है।

कंपनी का नाम	प्लास्टिक के बल्ले (%)	लकड़ी के बल्ले X : Y
A	55.	21 : 4
B	70.	8 : 7
C	45.	6 : 19
D	75.	41 : 14
E	60.	7 : 15
F	40.	5 : 6

कंपनी C द्वारा निर्मित ब्रांड Y वाले लकड़ी के बल्लों और कंपनी A तथा F द्वारा निर्मित लकड़ी के बल्लों की कुल संख्या का अनुपात कितना है?

Ans A). 209 : 525 B). 430 : 613 C). 125 : 872 D). 870 : 433

Correct Answer: A

Q.21 7 संख्याओं का औसत 57 है। यदि प्रत्येक संख्या में 6 की वृद्धि की जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans A). 7 B). 63 C). 69 D). 57

Correct Answer: B

Q.22 एक मूलधन, जब प्रति वर्ष 20% साधारण ब्याज पर निवेश किया जाता है, तो 3 वर्षों के बाद उसका मिश्रधन ₹3120 हो जाता है। 1 वर्ष में समान दर पर समान मूलधन पर साधारण ब्याज (₹ में) कितना है?

Ans A). 1560 B). 195 C). 390 D). 780

Correct Answer: C

Q.23 3 cm त्रिज्या वाले एक गोले को पानी से भरे 12 cm आधार त्रिज्या वाले एक बेलन में डाला जाता है। यदि गोले को पानी में पूरी तरह से डुबो दिया जाए, तो बेलन में पानी का स्तर _____ तक बढ़ जाता है।

Ans A). $\frac{1}{3}$ cm B). 4 cm C). $\frac{1}{4}$ cm D). 3 cm

Correct Answer: C

Q.24 अमित ने 171 कुर्सियाँ बेचीं और उसे 71 कुर्सियों के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ प्राप्त हुआ। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 81% B). 66% C). 76% D). 71%

Correct Answer: D

Q.25 एक आयताकार शीट को ₹1.5 प्रति cm^2 की दर से पेंट करने की लागत ₹945 है। यदि आयताकार शीट की लंबाई 30 cm है, तो इसकी चौड़ाई (cm में) कितनी है?

Ans A). 21 B). 19 C). 20 D). 22

Correct Answer: A

Q.26 एक रेलगाड़ी 228 km की दूरी तय करने के लिए 114 kmph की चाल से चलती है और फिर 372 km की दूरी तय करने के लिए 93 kmph की चाल से चलती है। रेलगाड़ी द्वारा तय की गई कुल दूरी का औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 60 kmph B). 113 kmph C). 125 kmph D). 100 kmph

Correct Answer: D

Q.27 तीन साझेदारों ने एक व्यवसाय में 7 : 2 : 5 के अनुपात में निवेश किया। उन्होंने अपनी पूंजी क्रमशः 11 महीने, 7 महीने और 12 महीने के लिए निवेश की। उनके लाभ का अनुपात कितना था?

Ans A). 78:14:60 B). 76:14:60 C). 79:14:60 D). 77:14:60

Correct Answer: D

Q.28 यदि समान ब्याज दर पर 2 वर्ष में साधारण ब्याज ₹60 और चक्रवृद्धि ब्याज ₹62 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 450 B). 454 C). 443 D). 445

Correct Answer: A

Q.29 यामिनी और जरीन ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹37200 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹5000 के कुल लाभ में से, यामिनी का हिस्सा ₹1300 था। जरीन ने कितना निवेश किया था?

Ans A). ₹26470 B). ₹27528 C). ₹28830 D). ₹26605

Correct Answer: B

Q.30 वह सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या ज्ञात करें जो 18, 5, 81 और 90 से विभाज्य है।

Ans A). 797 B). 810 C). 751 D). 720

Correct Answer: B

Q.31 निम्नलिखित को साधारण भिन्न के रूप में व्यक्त करें।

$0.04\overline{3} + 2$

Ans A). $2\frac{17}{300}$ B). $2\frac{13}{900}$ C). $2\frac{13}{300}$ D). $2\frac{17}{900}$

Correct Answer: C

Q.32 यदि समान ब्याज दर पर 2 वर्ष में साधारण ब्याज ₹60 और चक्रवृद्धि ब्याज ₹63 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 293 B). 304 C). 295 D). 300

Correct Answer: D

Q.33 पेट्रोल के मूल्य में (प्रति लीटर) 60% की वृद्धि होती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत की कमी कर दी जाए कि इस पर होने वाले व्यय में केवल 28% की वृद्धि हो?

Ans A). 74% B). 73% C). 79% D). 80%

Correct Answer: D

Q.34 124^2 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 15366 B). 15406 C). 15376 D). 15356

Correct Answer: C

Q.35 निम्नलिखित का मान क्या है?

$$\frac{5}{9} + \frac{1}{9} + \frac{3}{18} + \frac{3}{9} - 1 =$$

Ans A). $\frac{9}{18}$ B). $-\frac{7}{18}$ C). $\frac{3}{18}$ D). $\frac{1}{18}$

Correct Answer: C

Q.36 A $ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है' और
A * B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।
उपरोक्त जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित में से किसका अर्थ यह है कि S, M की बहन का पुत्र है?

Ans A). S * T - E $ A @ M B). S $ T * E - A @ M C). S @ T - E $ A * M D). S - T $ E @ A * M

Correct Answer: D

Q.37 यदि '–' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '+' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

14 + 32 – 8 × 5 ÷ 2 = ?

Ans A). 57 B). 58 C). 56 D). 59

Correct Answer: D

Q.38 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F के दाईं ओर से गिने जाने पर F और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G के दाईं ओर से गिने जाने पर B और G के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, G के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। A, E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। G के दाईं ओर से गिने जाने पर A और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). 3 B). 2 C). 4 D). 1

Correct Answer: B

Q.39 UVW अपनी कक्षा में ऊपर से 21वें और नीचे से 64वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans A). 88 B). 81 C). 78 D). 84

Correct Answer: D

Q.40 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'EARS' को '5273' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'DIAL' को '4631' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या होगा?

Ans A). 3 B). 6 C). 2 D). 4

Correct Answer: A

Q.41 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि : : के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, : : के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के समान हो जाए?

: JLO :: GIL : %

Ans A). # = FGJ; % = LNQ B). # = EGI; % = LNQ C). # = EGJ; % = LNQ D). # = EGJ; % = LNO

Correct Answer: C

Q.42 यदि संख्या 8374516 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार निर्मित नई संख्या में बाएं से दूसरे अंक तथा दाएं से दूसरे अंक का योग कितना होगा?

Ans A). 10 B). 11 C). 14 D). 12

Correct Answer: A

Q.43 निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी प्रकार समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। वह कौन सा अक्षर-समूह युग्म है, जो उस समूह से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). QI - MR B). OG - KP C). ME - IN D). KC - GM

Correct Answer: D

Q.44 नवीन अपनी कक्षा में नीचे से 19वें और ऊपर से 18वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans A). 36 B). 35 C). 33 D). 34

Correct Answer: A

Q.45 यदि संख्या 3647582 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans A). 3 B). 2 C). 0 D). 1

Correct Answer: B

Q.46 रोहित, बिंदु A से गाड़ी चलाना शुरू करता है और पूर्व की ओर 5 km गाड़ी चलाता है। वह फिर बाईं ओर मुड़ता है, 2 km गाड़ी चलाता है, दाईं ओर मुड़ता है और 4 km गाड़ी चलाता है। वह फिर दाईं ओर मुड़ता है और 2 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में दाईं ओर मुड़ता है, 1 km गाड़ी चलाता है और बिंदु B पर रुकता है। फिर से बिंदु A पर पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलाना होगा? (अन्यथा निर्दिष्ट न किए जाने की स्थिति में, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 8 km उत्तर की ओर B). 8 km पश्चिम की ओर C). 5 km पूर्व की ओर D). 5 km पश्चिम की ओर

Correct Answer: B

Q.47 नीचे दी गई 3 आकृतियाँ एक निश्चित तरीके से समान हैं क्योंकि वे कुछ विशेषता/विशेषताएँ साझा करती है/हैं। उस विकल्प का चयन कीजिए जो दी गई आकृतियों के समान विशेषताएँ साझा करता हो।



Ans

A).

B).

C).

D).

Correct Answer: A

Q.48 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएँ से दाएँ ही करनी है।
(बाएं) @ 8 $ 7 & + 2 & % 4 6 * £ 5 3 Ω 9 # 1 (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनके ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद एक अन्य संख्या है?

Ans A). 4 B). 3 C). 2 D). 1

Correct Answer: B

Q.49 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). CEH B). SUZ C). LNQ D). PRU

Correct Answer: B

Q.50 जब दर्पण को नीचे दिखाए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।



Ans A).  B).  C).  D).

Correct Answer: C

Q.51 विकल्पों में दी गई उस आकृति को पहचानिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूरी हो जाएगी।



Ans

A). 

B). 

C). 

D).

Correct Answer: D

Q.52 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'love conquers all' को 'lk mp jo' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'all or nothing' को 'ap tu mp' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'all' को किसमें कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans A). ap B). jo C). tu D). mp

Correct Answer: D

Q.53

तुषार बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 15 km तक ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 13 km तक ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 19 km तक ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 18 km तक ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 4km तक ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए , सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans A). 5 km पश्चिम की ओर B). 4 km पश्चिम की ओर C). 6 km पश्चिम की ओर D). 3 km पश्चिम की ओर

Correct Answer: A

Q.54 निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप का निर्माण करते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थानों पर आधारित नहीं है।)

Ans A). AXVP B). VSQK C). BYVQ D). ROMG

Correct Answer: C

Q.55 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह आगे की संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से किसमें, संक्रियाओं का वही सेट है, जैसा नीचे दिए गए समुच्चयों में है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रिया जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रिया करना अनुमत नहीं है।)

1 - 2 - 4 - 8 ; 9 - 10 - 20 - 40

Ans A). 4 - 5 - 10 - 20 B). 19 - 20 - 20 - 30 C). 6 - 7 - 14 - 30 D). 14 - 15 - 30 - 40

Correct Answer: A

Q.56 शब्द BEHALF में प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर बाएं से चौथा होगा?

Ans A). M B). C C). G D). F

Correct Answer: C

Q.57 G, L, O, F और S में से प्रत्येक की आयु अलग-अलग है। केवल S की आयु, G की आयु से अधिक है। G और O की आयु के बीच केवल दो व्यक्तियों की आयु है। F की आयु, L की आयु से कम है। तीसरा सबसे कम आयु वाला कौन है?

Ans A). L B). G C). F D). O

Correct Answer: A

Q.58 निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करने पर :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान होगा?

 # : PRW :: JLQ : %

Ans A). # = RKJ, % = HMJ B). # = RTY, % = HJO C). # = LPY, % = HJM D). # = LKY, % = HMJ

Correct Answer: B

Q.59 सात व्यक्ति, Q, R, S, T, U, V और Y, एक गोल मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q के बाईं ओर से गणना करने पर U और Q के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S, T के बाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। V, R के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। V, S के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Y, V का निकटतम पड़ोसी नहीं है। Y के दाईं ओर से गणना करने पर Y और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). तीन B). दो C). चार D). एक

Correct Answer: A

Q.60 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
(27, 46, 19)
(8, 17, 9)

Ans A). (44, 70, 23) B). (23, 39, 13) C). (18, 43, 22) D). (22, 40, 18)

Correct Answer: D

Q.61 किसी निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A x B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'W + E x R – T ÷ Y' है, तो W का Y से क्या संबंध है?

Ans A). पिता के भाई की पुत्री B). पिता के भाई की पत्नी C). माता के भाई की पुत्री D). माता के भाई की पत्नी

Correct Answer: A

Q.62 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला को देखें और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) L U * P @ D £ A Ω F $ * N Q & R # Y % C K & M (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी अक्षर हटा दिए जाएं, तो निम्नलिखित में से क्या दाएं से छठा होगा?

Ans A). & B). Ω C). % D). $

Correct Answer: D

Q.63 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी जींस, ट्राउजर हैं।
सभी ट्राउजर, पैंट हैं।
कोई भी पैंट, टाई नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी जींस, टाई नहीं है।
(II) कोई भी ट्राउजर, टाई नहीं है।

Ans A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। C). निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं। D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Correct Answer: C

Q.64 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'learn from mistakes' को 'lm tu bp' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'from here on' को 'mp tw bp' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'from' को किसमें कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans A). lm B). tu C). bp D). tw

Correct Answer: C

Q.65 सात डिब्बे, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। G को E के ठीक ऊपर रखा गया है। F को D के ठीक ऊपर रखा गया है। B के ऊपर केवल A को रखा गया है। G के ऊपर केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। F को सबसे नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है। F के ऊपर कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans A). 4 B). 3 C). 2 D). 5

Correct Answer: D

Q.66 दिए गए विकल्पों में से उस पद का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

FLA 29 IJE 22 ? OFM 2 RDQ -11

Ans A). GKJ 11 B). LHI 13 C). HGG 12 D). LVG 10

Correct Answer: B

Q.67 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
YEN ARE FEW GOT
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans A). 4 B). 1 C). 2 D). 3

Correct Answer: A

Q.68 श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्याएँ उसी क्रम में आनी चाहिए?
86 90 99 115 140 ? 225 ?

Ans A). 192, 323 B). 182, 293 C). 176, 289 D). 168, 193

Correct Answer: C

Q.69 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

IEU GHQ ? CNI AQE

Ans A). ELN B). EKM C). ELM D). EJL

Correct Answer: B

Q.70 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि : : के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, : : के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के समान हो जाए?
: BDF :: GIK : %

Ans A). # = WYA, % = LNO B). # = XYA, % = LNP C). # = WYA, % = LNP D). # = WYB, % = LNP

Correct Answer: C

Q.71 भारतीय संविधान के भाग IV A (मौलिक कर्तव्य) में निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान नहीं है?

Ans A). राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना B). हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना C). भारत के सभी लोगों के बीच भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना D). अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करना

Correct Answer: D

Q.72 गोवा में बेसिलिका ऑफ बोम जीसस (Basilica of Bom Jesus) के निर्माण के लिए इस्तेमाल किया गया पत्थर निम्नलिखित में से किस स्थान से लाया गया था?

Ans A). जयपुर B). गया C). बसीन D). हमीरपुर

Correct Answer: C

Q.73 सत्येंद्र नाथ बोस की 130वीं जयंती 1 जनवरी, 2024 को मनाई गई। वह एक प्रसिद्ध _____ थे।

Ans A). साहित्यकार (literary) B). भौतिकविज्ञानी (physicist) C). प्राणिविज्ञानी (zoologist) D). वनस्पतिविज्ञानी (botanist)

Correct Answer: B

Q.74 स्वतंत्रता के बाद से भारत को निम्नलिखित में से किस समस्या का सामना करना पड़ा है?

Ans A). वैश्वीकरण B). कृषि उत्पादकता C). निर्धनता D). साक्षरता

Correct Answer: C

Q.75 निम्नलिखित में से किस वर्ष राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना की गई थी?

Ans A). 1991 B). 1992 C). 2004 D). 1985

Correct Answer: B

Q.76 30 सितंबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार, उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के समूह में कितने सदस्य देश हैं?

Ans A). 21 B). 39 C). 32 D). 12

Correct Answer: C

Q.77 संविधान, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के कार्यकाल की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। उन्हें _____ वर्ष के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया जाता है या वे 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, पद पर कार्यरत रहते हैं।

Ans A). 5 B). 6 C). 4 D). 10

Correct Answer: B

Q.78 निम्नलिखित में से कौन सा बंदरगाह अपने स्थान से सही ढंग से जुड़ा नहीं है?

Ans A). तूतीकोरिन बंदरगाह - तमिलनाडु B). मोरमुगाओ बंदरगाह - गोवा C). कोच्चि बंदरगाह - केरल D). विशाखापत्तनम बंदरगाह - तेलंगाना

Correct Answer: D

Q.79 पेरिस पैरालम्पिक गेम्स 2024 में स्वर्ण पदक जीतने के बाद, पैरालम्पिक गेम्स में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनीं?

Ans A). रूबीना फ्रांसिस B). सिमरन शर्मा C). अवनी लेखरा D). दीप्ति जीवनजी

Correct Answer: C

Q.80 जून 2024 में, आंध्र प्रदेश मंत्रिमंडल में अनीता वंगालापुडी को कौन-सा पोर्टफोलियो आवंटित किया गया था?

Ans A). आंध्र प्रदेश की सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री B). आंध्र प्रदेश की पंचायत राज और ग्रामीण विकास मंत्री C). आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री D). आंध्र प्रदेश की उपमुख्यमंत्री

Correct Answer: C

Q.81 भारत की निम्नलिखित में से किस वर्ष की जनगणना में, सर्वाधिक लिंगानुपात दर्ज किया गया?

Ans A). 1951 B). 1901 C). 1991 D). 2011

Correct Answer: B

Q.82 दक्कन के पठार के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans A). महेंद्रगिरि पश्चिमी घाट की सबसे ऊँची चोटी है। B). पूर्वी घाट, महानदी घाटी से लेकर दक्षिण में निगिरीस तक फैला हुआ है। C). पश्चिमी घाट, पूर्वी घाट से ऊँचे हैं। D). पश्चिमी घाट की ऊँचाई उत्तर से दक्षिण की ओर उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है।

Correct Answer: A

Q.83 पांच देशों के कावांगो-ज़ाम्बेजी ट्रांस-फ्रंटियर कंजर्वेशन एरिया (KAZA-TFCA) के सदस्यों द्वारा काज़ा (KAZA) 2024, राष्ट्राध्यक्षों का प्रथम शिखर सम्मेलन किस महीने में लिविंगस्टोन, ज़ाम्बिया में आयोजित किया गया था?

Ans A). जुलाई 2024 B). मई 2024 C). अप्रैल 2024 D). अगस्त 2024

Correct Answer: B

Q.84 सत्य शोधक समाज की स्थापना कब हुई थी?

Ans A). 1873 B). 1776 C). 1794 D). 1885

Correct Answer: A

Q.85 जनवरी 2024 में, भारत ने स्क्वायर किलोमीटर एरे (Square kilometer Array- SKA) परियोजना में औपचारिक रूप से शामिल होने का फैसला किया था, जो दुनिया का सबसे बड़ा _____ बनाने के लिए कार्य करने वाला एक अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक गठबंधन है।

Ans A). अंतरिक्ष स्टेशन B). पार्टिकल ऐक्सीलेरेटर C). ऑप्टिकल टेलीस्कोप D). रेडियो दूरबीन

Correct Answer: D

Q.86 निम्नलिखित में से कौन-सा संगीत रूप शास्त्रीय कर्नाटक संगीत से घनिष्ठ रूप से संबंधित है?

Ans A). फ़िरदोस्त B). वानवुन C). भाँड़ पाथेर D). गीतम

Correct Answer: D

Q.87 निजीकरण का विस्तार करने के लिए भारत की 1991 की नई आर्थिक नीति में कौन-सा महत्वपूर्ण परिवर्तन लागू किया गया?

Ans A). सार्वजनिक क्षेत्र के नियंत्रण के लिए आरक्षित उद्योगों की संख्या बढ़ाना B). विभिन्न क्षेत्रों में अधिक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (PSU) स्थापित करना C). सार्वजनिक क्षेत्र के नियंत्रण के लिए आरक्षित उद्योगों की सूची को छोटा करना D). प्रमुख उद्योगों पर सरकारी नियंत्रण को केंद्रीकृत करना

Correct Answer: C

Q.88 निम्नलिखित में से कौन सा विपणित अधिशेष का सही कार्य है?

Ans A). विपणित अधिशेष = बाजार की कुल आपूर्ति – कुल मॉंग B). विपणित अधिशेष = बाजार में कुल मांग - कुल आपूर्ति C). विपणित अधिशेष = कुल कृषि उपज – बाजार में पिछले वर्षों का स्टॉक D). विपणित अधिशेष = किसान द्वारा उत्पादित कुल कृषि उत्पादन – कृषि उत्पादन की स्वयं की खपत

Correct Answer: D

Q.89 निम्नलिखित में से कौन-सा 2024 में पेश किए गए नए आपराधिक कानूनों में से एक नहीं है?

Ans A). भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) B). भारतीय दंड संहिता (IPC) C). भारतीय न्याय संहिता (BNS) D). भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA)

Correct Answer: B

Q.90 निम्नलिखित में से किसने महिलाओं की शिक्षा के पक्ष में तर्क देने के लिए कुरान की आयतों की पुनर्व्याख्या की?

Ans A). बेगम अनीस किदवई B). मुमताज अली C). बीबी अम्तुस सलाम D). बाजी जमालुन्निसा

Correct Answer: B

Q.91 हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (H.R.A.) से निम्नलिखित में से कौन संबद्ध नहीं था?

Ans A). राम प्रसाद बिस्मिल (Ram Prasad Bismil) B). अशफ़ाक़उल्ला खां (Ashfaqulla Khan) C). शचींद्र नाथ बक्शी (Sachindra Nath Bakshi) D). सुभाष चंद्र बोस (Subhash Chandra Bose)

Correct Answer: D

Q.92 निम्नलिखित में से किसने अटल सुरंग का निर्माण किया है?

Ans A). सीमा सड़क संगठन B). भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) C). भारतीय रेल D). प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

Correct Answer: A

Q.93 पेरिस 2024 पैरालम्पिक समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक कौन थे?

Ans A). मनीष नरवाल और योगेश कथुनिया B). अवनी लेखरा और निशाद कुमार C). हरविंदर सिंह और प्रीति पाल D). भाग्यश्री जाधव और सुमित अंतिल

Correct Answer: C

Q.94 पाल वंश के निम्नलिखित शासकों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें।

Ans A). महिपाल < धर्मपाल < नयपाल < देवपाल B). धर्मपाल < देवपाल < महिपाल < नयपाल C). देवपाल < धर्मपाल < महिपाल < नयपाल D). महिपाल < धर्मपाल < देवपाल < नयपाल

Correct Answer: B

Q.95 निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम, भारतीय नागरिकता के अधिग्रहण को विनियमित करता है?

Ans A). भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1947 B). भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1948 C). भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 D). भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1960

Correct Answer: C

Q.96 निम्नलिखित में से किस प्रकार के वनों में पेड़ मुख्य रूप से लंबी जड़ों और गूदेदार तनों के साथ फैले हुए हैं?

Ans A). उष्णकटिबंधीय कांटेदार वन और झाड़ियाँ B). मैंग्रोव वन C). पर्वतीय वन D). उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन

Correct Answer: A

Q.97 स्वयं सहायता समूह (SHG) पहल जैसे ग्रामीण विकास कार्यक्रम ग्रामीण भारत में लैंगिक समानता में किस प्रकार योगदान देते हैं?

Ans A). मुख्य रूप से शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से B). केवल महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करके C). केवल कृषि उत्पादकता में सुधार करके D). वित्त, नेतृत्व की भूमिका और निर्णय लेने में महिलाओं की पहुँच बढ़ाकर

Correct Answer: D

Q.98 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत के निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश की जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर सर्वाधिक है?

Ans A). लक्षद्वीप B). पुदुचेरी C). चंडीगढ़ D). दादरा और नगर हवेली

Correct Answer: D

Q.99 निम्नलिखित में में से वह पोषक तत्व जो महत्वपूर्ण अंगों के लिए गद्दे के समान कार्य करता है और उनकी झटके तथा बाहरी चोटों से रक्षा करता है?

Ans A). वसा B). विटामिन C). प्रोटीन D). कार्बोहाइड्रेट

Correct Answer: A

Q.100 एन चंद्रबाबू नायडू, जिन्होंने 12 जून 2024 को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, निम्नलिखित में से किस राजनीतिक दल से संबंधित हैं?

Ans A). वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (YSRCP) B). जन सेना पार्टी (JSP) C). तेलुगु देशम पार्टी (TDP) D). भारतीय जनता पार्टी (BJP)

Correct Answer: C

Q.101 गणनावाचक उपयोगिता विश्लेषण में, उपयोगिता को निम्नलिखित में से किस तरीके से व्यक्त किया जा सकता है?

Ans A). गुणवत्ता में B). क्रम में C). श्रेणी (rank) में D). संख्याओं में

Correct Answer: D

Q.102 निम्नलिखित में से किस वर्ष सरकार ने इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (IRCON International Limited) में अपनी हिस्सेदारी बेची?

Ans A). 2018 B). 2023 C). 2015 D). 2021

Correct Answer: B

Q.103 एक ट्यूब के माध्यम से छवियों को प्रतिबिंबित करने के लिए प्रिज्म, लेंस या दर्पण की प्रणाली में उपयोग किए जाने वाले ऑप्टिकल उपकरण को क्या कहा जाता है?

Ans A). पेरीस्कोप B). टेलीस्कोप C). दूरबीन D). केलीडोस्कोप

Correct Answer: A

Q.104 _____ सिरका अम्ल का एक प्राकृतिक स्रोत है।

Ans A). विनेगर B). संतरा C). टमाटर D). इमली

Correct Answer: A

Q.105 निम्नलिखित में से विजयनगर साम्राज्य के किस राजा ने यवनराज्य स्थापनाचार्य की उपाधि धारण की थी?

Ans A). कृष्णदेवराय B). राम राय C). अच्युत देव राय D). सदाशिव राय

Correct Answer: A

Q.106 खाद्य पदार्थों में नाइट्रोजन और प्रोटीन की मात्रा ज्ञात करने के लिए आजकल निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सबसे अधिक प्रयुक्त की जाती है?

Ans A). बरफोड विधि (Barfoed method) B). केजेल्डाल विधि (Kjeldahl method) C). पराडकर विधि (Paradkar method) D). नेस्लर विधि (Nessler's method)

Correct Answer: B

Q.107 संयुक्त द्विपक्षीय प्रशिक्षण 'एक्सरसाइज हरिमाउ शक्ति 2023 (Exercise Harimau Shakti 2023)' का आयोजन कहां हुआ था?

Ans A). उमरोई छावनी, भारत B). नई दिल्ली, भारत C). कोटा किनाबालु, मलेशिया D). कुआला लम्पुर, मलेशिया

Correct Answer: A

Q.108 निम्नलिखित में से कौन एक शास्त्रीय हिन्दुस्तानी गायक थे?

Ans A). वी. शेषना (V Sheshanna) B). टी.के. अयंगर (TK Iyengar) C). बेगम अख्तर (Begum Akhtar) D). एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी (MS Subbulakshmi)

Correct Answer: C

Q.109 निम्नलिखित में से किस नदी के द्वारा, सुंदरबन डेल्टा का निर्माण किया जाता है?

Ans A). गंगा - ब्रह्मपुत्र - मेघना B). कावेरी C). गोदावरी D). सिंधु

Correct Answer: A

Q.110 मई 2024 तक की स्थिति के अनुसार, 'संघ सूची' में कितने विषय हैं?

Ans A). 98 विषय B). 97 विषय C). 66 विषय D). 100 विषय

Correct Answer: D

Q.111 सॉस (sauces) को गाढ़ा करने तथा ब्रेड और पेस्ट्री के उत्पादन में प्रयुक्त होने वाली मुख्य विधि का नाम बताइए।

Ans A). डेक्सट्रिनीकरण (Dextrinisation) B). जिलेटिनीकरण (Gelatinisation) C). कैरामेलीकरण (Caramelisation) D). पश्चक्रमण (Retrogradation)

Correct Answer: B

Q.112 प्रेरित धारा का दाएँ हाथ का नियम किसके द्वारा दिया गया था?

Ans A). ओर्स्टेड (Oersted) B). फ्लेमिंग (Fleming) C). ऐम्पियर (Ampere) D). फैराडे (Faraday)

Correct Answer: B

Q.113 निम्नलिखित में से कौन रोजगारविहीन वृद्धि (Jobless growth) की सही परिभाषा है?

Ans A). यह एक आर्थिक घटना है जिसमें किसी अर्थव्यवस्था में सापेक्ष अवधि में रोजगार का स्तर निम्न होता है।

B). यह एक आर्थिक घटना है जिसमें कोई अर्थव्यवस्था अपने रोजगार के स्तर को बनाए रखते हुए या घटाते हुए विकास करती है।

C). यह एक आर्थिक घटना है जिसमें किसी अर्थव्यवस्था में संवृद्धि का स्तर घटता जाता है।

D). यह एक आर्थिक घटना है जिसमें किसी अर्थव्यवस्था में रोजगार का स्तर घटता जाता है।

Correct Answer: B

Q.114 1950 में संविधान लागू होने के बाद भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या कितनी थी?

Ans A). 6 B). 12 C). 10 D). 8

Correct Answer: D

Q.115

निम्नलिखित को सुमेलित करें।

	समूह-I		समूह-II
a.	पाणिनी	1.	मालविकाग्निमित्रम्
b.	हाला	2.	महाभाष्य
c.	कालिदास	3.	अष्टाध्यायी
d.	पतंजलि	4.	गाथासप्तशती

Ans A). a - 3; b - 4; c - 1; d - 2 B). a - 3; b - 4; c - 2; d - 1 C). a - 2; b - 3; c - 4; d - 1 D). a - 4; b - 3; c - 2; d - 1

Correct Answer: A

Q.116 आत्मकथा 'अर्धकथानक (Ardhakathanak)' निम्नलिखित में से किसने लिखी है?

Ans A). वाल्मिकी B). नर्मद C). बनारसीदास D). राससुंदरी देवी

Correct Answer: C

Q.117 सूरी वंश के संस्थापक, शेर शाह सूरी का मूल नाम क्या था?

Ans A). फरीद खान B). मुर्तज़ा खान C). आदम खान D). उलूग खान

Correct Answer: A

Q.118 निम्नलिखित में से किस वर्ष में राज्य सभा में आचार समिति (Ethics Committee) का गठन किया गया था?

Ans A). 1995 B). 2000 C). 1997 D). 1999

Correct Answer: C

Q.119 संयुक्त सैन्य अभ्यास 'हरिमऊ शक्ति-2022 (Harimau Shakti-2022)', 28 नवंबर को शुरू हुआ, जो भारतीय सेना और _____ की सेना के बीच एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है।

Ans A). जापान B). मलेशिया C). सिंगापुर D). इंडोनेशिया

Correct Answer: B

Q.120 फरवरी 2024 में, जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट पूरा हो गया। जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

Ans A). देश भर से भारतीय नागरिकों से 10 लाख जीनोम नमूने एकत्र किये जाने थे।

B). इसका उद्देश्य एक संदर्भ जीनोम का निर्माण करना और भारतीयों में आनुवंशिक विविधता का अध्ययन करना था। C). इसकी शुरुआत 2020 में की गई थी।

D). इस प्रोजेक्ट को भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्त पोषित और समन्वित किया गया था।

Correct Answer: A

2024/12/10-23:42:25